दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

प्रदेश के कई हिस्सों में 9 जनवरी को बारिश के आसार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में हवाओं की दिशा बदलने की वजह से प्रदेश के मौसम में भी बदलाव हुआ है। यहीं कारण है कि दिन में ठंड में थोड़ी कमी आई है। हालांकि रात के वक्त ठंड बढ़ी है। मौसम विज्ञानियों की माने तो आज मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है। जबकि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं 9 जनवरी से मौसम में फ़िर बदलाव होगा और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की बारिश के आसार है।

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने एक महिला सहित तीन की हत्या

बीजापुर (आरएनएस)। बीजापुर जिले में एक बार फिर से माओवादियों ने पुलिस की मुखबिरी के शक 3 युवाओं की हत्या कर दी। इनमें एक युवती भी शामिल है। बताया जा रहा है कि माओवादियों ने गुरुवार रात जन अदालत लगाकर वारदात को अंजाम दिया है। मामला जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, जिले के नक्सल प्रभावित इलाके इडिनार में नक्सलियों ने जन अदालत लगाई थी। इस जन अदालत में इलाके के 2-3 गांव के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। उनके बीच माओवादियों ने युवक पुनेम, युवती मंगी समेत एक अन्य युवक को खड़ा किया। हाथों को रस्सी से बांध रखा था। फिर ग्रामीणों से कहा कि ये तीनों गद्दार हैं। ये सभी पुलिस को हमारी सूचना देते थे। यह कहकर नक्सलियों ने धारदार हथियार से वार कर तीनों की हत्या कर दी। इधर, इस संबंध में बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में 5 छात्र कोरोना पॉजिटिव मिले

जगदलपुर (आरएनएस)। जगदलपुर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में कोरोना बम फूटा है। 5 छात्र कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम हॉस्टल पहुंची है। छात्रावास में रहने वाले सभी छात्रों की जांच हो रही है।

43वीं राष्ट्रीय महिला फुटबाल चेम्पियनशिप कोरोना के कारण स्थगित

कोरबा। कोरबा में 09 जनवरी 2022 से आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की माता स्व.बिंदेश्वरी देवी 43वीं राष्ट्रीय महिला फुटबाल चैंपियनशिप कोविड-19 कोरोना के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। उपरोक्त जानकारी भारतीय महिला फुटबाल महासंघ, नई दिल्ली के महासचिव शेख मोहम्मद जावेद ने देते हुए बताया कि कोरबा में 09 जनवरी से 16 जनवरी 2022 तक छत्तीसगढ़ महिला फुटबाल एसोसिएशन एवं ग्राम यात्रा न्यूज के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की माता स्व.बिंदेश्वरी देवी 43वीं राष्ट्रीय महिला फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित होना था, जो वैश्विक महामारी कोरोना के मद्देनजर आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। उक्ताशय की जानकारी चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व करने वाले राज्यों के टीम को भी सूचित कर दिया गया है। शेख जावेद ने यह भी बताया कि कोरबा जिला ही नहीं समूचा छत्तीसगढ़ समेत भारत के सभी राज्यों वैश्विक महामारी कोरोना के केस लगातार बढ़ रहा है। खिलाड़ियों, अधिकारियों,दर्शकों एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। स्थिति सामान्य होने पर पुनः इस चैंपियनशिप आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला प्रशासन को भी दे दी गई है।

छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग को ई-श्रमिक सेवा के लिए मिला गोल्डन अवॉर्ड

- » एक बार फिर लहराया छत्तीसगढ़ का परचम
- » ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में नवाचार के लिए भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा किया गया सम्मानित
- » मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने श्रमिकों और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी को दी बधाई
- » केन्द्रीय कार्मिक एवं लोक शिकायत मंत्री से हैदराबाद में छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग के सचिव ने ग्रहण किया अवॉर्ड

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग को ई-श्रमिक सेवा के लिए गोल्डन अवॉर्ड से नवाजा गया है। ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में नवाचार के लिए भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग को यह अवार्ड प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने गोल्डन अवॉर्ड मिलने पर श्रमिकों और श्रम विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग को ई-गर्वनेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2020-21 हेतु युनिवर्सलाइजिंग एक्सेस इंक्लुडिंग ई-सर्विसेज श्रेणी में ई-श्रमिक सेवा के लिए गोल्डन अवॉर्ड दिया गया है। इस अवॉर्ड के साथ 2 लाख रूपए की राशि दी गई है। यह पुरस्कार आज हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर हैदराबाद में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री कार्मिक, लोक शिकायत डॉ. जितेन्द्र सिंह से छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग के सचिव एलेक्स पॉल मेनन और श्रम विभाग के अधिकारियों की टीम ने ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग द्वारा ई-श्रमिक सेवा के अंतर्गत लगभग 36 लाख श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण के मामले में देश भर में छत्तीगसढ़ 6वें स्थान पर और लक्ष्य के आधार पर तीसरे स्थान पर है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा हर साल ई-गवर्नेंस में नवाचार के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों तथा जिलों को पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2020-21 के लिए एक्सिलेंस इन गवर्मेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन, यूनिवर्सलाईजिंग एक्सेस इंक्लूडिंग ई-सर्विसेज, एक्सिलेंस इन डिस्ट्रिक्ट लेवल इनिशिएटिव इन ई-गवर्नेंस, आउटस्टेंडिंग रिसर्च ऑन सिटिजन सेंट्रिक सर्विसेज बाय एकेडेमिक/रिसर्च इंस्टिट्युशन, एक्सिलेंस इन एडॉप्टिंग इमरजिंग टेक्नोलॉजी और युज ऑफ आईसीटी इन द मैनेजमेंट ऑफकोविड-19 श्रेणियों में पुरस्कार दिया गया है।

ट्रेन की चपेट में आने से 3 की मौत, एक की तलास जारी

भाटापारा (आरएनएस)। जिले से एक खबर सामने आई है। पार्सल कोविड स्पेसल ट्रेन की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई है। इनमे से एक की तलास जारी है। युवक निपानिया गुडाघाट ओवरब्रिज के पास ट्रेक में घूमते हुए आये थे इसी दौरान ट्रेन आई और तीनों इसकी चपेट में आ गये। वही बताया जा रहा है कि युवक छट्ठी कार्यक्रम में दगोरी आये हुए थे उसी दौरान घूमने के लिए निपानिया गुडाघाट ओवरब्रिज के पास गये हुए जहा ये हादसा हुआ। हादसे के बाद आस-पास के ग्रामीण वहा मौके पर पहुंचे और इस बात की सूचना तुरंत पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। और उनमे से एक की तालश में जुट गई है।

प्रदेश में मिले गुरूवार को मिले 2400 संक्रमित, एक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में गुरूवार को 2400 नए कोरोना संक्रमितों की पहचान हुई है। राजधानी रायपुर की बात करें तो यहां 752 केस सामने आए हैं। साथ ही एक मरीज की मौत भी हुई है। बता दें कि अंबेडकर अस्पताल में कोरोना की तीसरी लहर में पहली मौत है। दुर्ग कलेक्टर ने शुक्रवार से जिले की सभी स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए हैं। साथ ही किसी आयोजन में 200 से ज्यादा लोगों के शामिल होने के लिए अनुमति लेनी होगी। कांकेर में 16 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए। जिसमें अलग अलग कैंपों के 9 जवानों के अलावा अंतागढ़ में पदस्थ एक डॉक्टर व केवटी का एक शिक्षक शामिल है। इधर, रायपुर एम्स में 6 सीनियर और 34 इंटर्न डॉक्टर कोरोना पॉजिटिव मिले है। कोरबा रेलवे स्टेशन पर 3 लोग कोरोना संक्रमित मिले है। इनमें 2 रेलवे कर्मचारी और एक यात्री शामिल हैं। जांजगीर जिला अस्पताल के तीन और डॉक्टर भी कोरोना पॉजिटिव निकले है। इनमें एमडी मेडिसिन डॉ. आलोक मंगलम, डेंटिस्ट डॉ. श्रद्धा राय और डेंटिस्ट डॉ. वसुंधरा कश्यप शामिल हैं। ये डॉक्टर मरीजों का लगातार इलाज कर रहे थे। वहीं एनैस्थिसिया स्पेशलिस्ट डॉ. एस आर बंजारे दो दिन पहले पॉजिटिव पाए गए थे। कोरो संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए 8 जनवरी को रायपुर में होने वाली स्वच्छता रैली को स्थगित कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोरोना गाइड लाइन के पालन में आगामी आदेश तक सभी रैलियों और आम सभाओं को स्थगित किया गया है।

नक्सलियों ने अपने ही साथी नक्सली कमाण्डर व महिला नक्सली की हत्या

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंर्तगत धुर नक्सल प्रभावित ग्राम इडिनार में नक्सलियों ने अपने ही साथी नक्सली मिलिशिया कमाण्डर कमलू पुनेम एवं महिला मिलिशिया सदस्य मंगी पुनेम पर मुखबीरी का आरोप लगाकर धारदार हथियार से हत्या कर दी। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पश्चिम बस्तर डिवीजन अंतर्गत नक्सलियों में आपसी गैंगवार पुनः शुरू हो गया है। कमलू की तरह माह सितम्बर, 2020 में पश्चिम बस्तर डिवीजन अंतर्गत डिवीजन कमेटी सदस्य मोड़ियाम विज्जा को भी नक्सलियों द्वारा अंदरूनी कलह के कारण मारा गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 जनवरी, 2022 को जिला बीजापुर के थाना गंगालूर अंतर्गत पुसनार-ईडिनार क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा स्वयं अपने मिलिशिया कमाण्डर कमलू पुनेम एवं मिलिशिया सदस्य मंगी पुनेम की हत्या करने की जानकारी मिल रही है। कमलू पुनेम एवं मंगी पुनेम शादी करने लिए नक्सलियों की हिंसात्मक गतिविधियों से दूर होकर नक्सली संगठन छोड़ने के फिराक में थे। इन दोनों की नक्सलियों द्वारा नृशंस तरीके से हत्या कर नक्सली पुनः एक बार अमानवीय एवं क्रूरता का परिचय दिया है। पश्चिम बस्तर क्षेत्र अंतर्गत हुये विभिन्न नक्सल वारदातों में मिलिशिया कमाण्डर कमलू पुनेम के विरूद्ध 11 अपराध तथा मिलिशिया सदस्य मंगी पुनेम के विरूद्ध 03 अपराध थाना गंगालूर में पंजीबद्ध है।

सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज द्वारा बताया गया कि नक्सलियों में अविश्वास एवं असहनशीलता का माहौल निर्मित हुआ है। विशेष तौर पर पश्चिम बस्तर डिवीजन में डिवीजन कमेटी सचिव पापाराव द्वारा अपने कैडर को नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण एक-दूसरे के ऊपर गैंगवार जैसा हमला करते हुये आपस में ही निपट रहे हैं। पुलिस द्वारा इन तमाम गतिविधियों पर नजर रखते हुये नक्सली कैडर्स को हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने की अपील की जा रही है।

राशन-सब्जियों की जमाखोरी और कालाबाजारी पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

» कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारी करेंगे सतत् निगरानी

कोरबा (आरएनएस)। कोरोना वायरस के फैलाव से बदलते माहौल के बीच जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चावल-दाल जैसी राशन सामग्रियों और सब्जियों के दाम बढ़ने तथा उनकी कालाबाजारी एवं जमाखोरी की अपुष्ट खबरों को कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने गम्भीरता से लिया है। उन्होंने लोगों का आश्वस्त किया है कि निकट भविष्य में राज्य सरकार द्वारा कोविड संक्रमण के कारण लॉकडाउन करने की अभी तक कोई योजना नहीं है। ऐसे में कलेक्टर ने किसी भी परिस्थिति में अति आवश्यक चीजों की जमाखोरी या उन्हे सामान्य दिनों के दामों से अधिक दाम पर नहीं बेचने की अपील दुकानदारों से की है। कलेक्टर ने कोरोना वायरस संक्रमण से लड़ाई में सभी व्यापारियों से अपना सहयोग देने की अपील की है और राशन, सब्जियों आदि की कालाबाजारी तथा जमाखोरी नहीं करने को कहा है। श्रीमती साहू ने सभी व्यापारियों और राशन दुकानों में उपलब्ध सामग्रियों का स्टॉक निरीक्षण करने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर ने तहसीलदारों एवं पटवारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में आलू-प्याज, तेल, दाल, चावल, दूध, सब्जी, नमक आदि जरूरी खाद्य सामग्री उचित दामों पर ही मिलना सुनिश्चित करें। किसी भी दुकानदार द्वारा अधिक दाम में चीजों की बिक्री की सूचना मिलने पर संबंधित विक्रेता के विरूद्ध विधिसम्मत प्रकरण तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती साहू ने यह भी निर्देश दिये हैं कि यदि कोई दुकानदार, संस्थान आवश्यक वस्तुओं को एमआरपी से अधिक दाम में बेचते हुये पाया जाता हैं तो उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता 1860 के तहत् कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये हैं कि आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी या कालाबाजारी के बारे में किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायत, फीडबैक पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा व्हाट्सअप के माध्यम से नियमित रिपोर्टिंग भी करें।

कलेक्टर बोलीः अभी लॉकडाउन की कोई योजना नहीं, लोग जरूरत अनुसार ही खरीदें सामग्री- कोविड के बढ़ते मामलों के बीच कलेक्टर ने साफ कहा है कि आने वाले दिनों में जिले में लॉकडाउन जैसी कोई योजना नहीं है। दैनिक उपयोग की चीजों वाली राशन और किराना दुकानें कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए निर्धारित समय पर ही संचालित होंगी। कलेक्टर श्रीमती साहू ने कहा कि लोग बिना किसी घबराहट और शंका-आशंकाओं के यथा संभव अपने घरों में रहें, स्वयं को साफ और स्वस्थ रखें। सामानों की अतिरिक्त खरीदी के लिये दुकानों में भीड़ न लगायें और न ही अतिरिक्त सामान खरीदकर घरों में जमा करें, ताकि बाजार में जरूरी सामान की कमीं न हो।

300 किलो गांजा के साथ उड़ीसा व झारखंड़ के 2 गांजा तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। थाना नगरनार अन्तर्गत 02 अलग-अलग प्रकरणों में ग्राम तारापुर से बोलेरो वाहन क्रमांक ओडी 05-क्यु 1611 एवं नगरनार से ट्रक क्रमांक सीजी 04-एनडी 9772 में सवार 02 गांजा तस्करों के कब्जे से 300 किलोग्राम गांजा बरामद कर दोनो गांजा तस्करों देवेन्द्र खिलों निवासी कोरापुट उड़ीसा एवं किशुनू उरांव निवासी गढवा झारखंड़ को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना नगरनार में अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना नगरनार को सूचना प्राप्त हुआ था कि गांजा तस्करों द्वारा उडीसा से जगदलपुर की ओर गांजा तस्करी किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम गठित कर कार्यवाही करते हुए ग्राम तारापुर से गांजा तस्कर देवेन्द्र खिलों निवासी कोरापुट उड़ीसा से 115 किलोग्राम गांजा को एवं नगरनार से गांजा तस्कर किशुनू उरांव निवासी गढवा झारखंड़ के कब्जे से 185 किलोग्राम गांजा कुल 300 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उप पुलिस अधीक्षक हुए सम्मानित

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुलिस अधिकारियो को दिया पुरस्कार

रायपुर (आरएनएस)। नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी में दसवें और ग्यारहवें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों के लिए दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। दीक्षांत समारोह के उपरांत प्रशिक्षण अवधि में अलग-अलग विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उप पुलिस अधीक्षकों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इस दौरान मंच पर प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय विकास मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी के महानिदेशक डी एम अवस्थी उपस्थित थे।

दसवें बैच के लिए दिए गए पुरस्कारों में कानून अनुसंधान के लिए उप पुलिस अधीक्षक रागिनी तिवारी मिश्रा, अपराध अनुसंधान के लिए विनीत कुमार साहू, फॉरेंसिक साइंस के लिए गीतिका साहू, सर्वश्रेष्ठ फायरिंग के लिए राहुल उइके, अपराध शास्त्र के लिए लोकेश बंसल, आउटडोर के लिए सिद्धांत तिवारी तथा इनडोर और सर्वोच्च अंक हासिल करने के लिए रागिनी तिवारी मिश्रा को मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत किया ।

इसी तरह से ग्यारहवें बैच के पुरस्कारों में कानून अनुसंधान के लिए उप पुलिस अधीक्षक नुपुर उपाध्याय, अपराध अनुसंधान के लिए दीपमाला कुर्रे, अपराध शास्त्र के लिए मनोज मंडावी, सर्वश्रेष्ठ फायरिंग के लिए सौरभ उइके, आउटडोर के लिए प्रशांत देवांगन, इनडोर के लिए सौरभ उइके और सर्वोच्च अंक हासिल करने के लिए सौरभ उइके को मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत किया गया।

छत्तीसगढ़ पुलिस हर तरह की चुनौती से निपटने में सक्षम - मुख्यमंत्री

- » राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- » उप पुलिस अधीक्षकों के दशम-एकादश बैच के दीक्षांत परेड समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस हर तरह की चुनौती से निपटने में सक्षम है और उनकी सरकार राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज चंदखुरी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस पुलिस एकेडमी में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। चंदखुरी में दसवें बैच के 33 और ग्यारहवें बैच के 9 प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षकों ने पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया। शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे मुख्यमंत्री बघेल दीक्षांत समारोह मे शामिल हुए, इसके बाद परेड ने मुख्यमंत्री को सलामी दी। सलामी के बाद मुख्यमंत्री बघेल ने परेड का निरीक्षण किया और प्रशिक्षार्थियों को शपथ ग्रहण कराया। दीक्षांत परेड समारोह में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय विकास मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया और छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी सम्मिलित हुए। परेड के मार्च पास्ट के बाद महानिदेशक, पुलिस अकादमी डी एम अवस्थी ने इस अवसर पर स्वागत भाषण दिया और प्रतिवेदन का वाचन किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य आज तेजी से विकसित हो रहे राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाता जा रहा है। राज्य में जितनी संभावनाएं हैं, उतनी चुनौतियां भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के साथ-साथ समाज को एक मजबूत सुरक्षा-कवच की भी जरूरत होती है, राज्य के अनेक क्षेत्रों में विकास और सुरक्षा के इंतजामों में तालमेल बिठाना भी एक चुनौती रही है, लेकिन हमारी सरकार ने सदैव ऐसी चुनौतियों को स्वीकार किया है। बघेल ने कहा कि हम राज्य के प्रत्येक नागरिक को एक ऐसा सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें वह भयमुक्त होकर अपना जीवन-यापन कर सके। उनके भीतर एक आत्मविश्वास पैदा हो और वे समाज विरोधी हर गतिविधि का खुलकर प्रतिकार कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान हमें इस दिशा में भी लगातार सफलता मिली है।

मुख्यमंत्री ने राज्य की सुरक्षा की चर्चा करते हुए कहा कि सरगुजा से लेकर सुकमा तक राज्य में सुरक्षा के एक नये वातावरण का निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि हमारा पुलिस तंत्र हर तरह की चुनौती से निपटने के लिए पूर्णतः सक्षम हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्रीने दीक्षांत ले रहे प्रशिक्षु अधिकारियों को ये संदेश दिया कि वो भी इस तंत्र में भागीदारी और आने वाली जिम्मेदारी के लिए स्वयं को तैयार कर चुके हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU